बिहार सरकार,
कृषि विभाग

पत्र सं० –NHM/BHDS/287/2024-कृ०वि०(गम०-129- /कृ०, पटना दिनांक: 01/10/ .2024

प्रेषक,

मनोज कुमार
संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
बीरचन्द पटेल पथ, पटना।

#अनौपचारिक रूप से परामर्शित #द्वारा– वित्त विभाग, बिहार, पटना।

विषय– **चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत डी.पी.आर. के तहत् वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य स्कीम मद से राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र अस्थावाँ, नालंदा में आलू के प्रभेद कुफरी पुखराज का प्रजनक बीज से आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु कुल 22.05 लाख (बाईस लाख पाँच हजार) रूपये मात्र की लागत पर योजना कार्यान्वयन तथा राशि की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत डी.पी.आर. के तहत् वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य स्कीम मद से राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र अस्थावाँ, नालंदा में आलू के प्रभेद कुफरी पुखराज का प्रजनक बीज से आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु कुल 22.05 लाख (बाईस लाख पाँच हजार) रूपये मात्र की लागत पर योजना कार्यान्वयन तथा राशि की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इसका मुख्य उद्देश्य बिहार में आलू के प्रभेद कुफरी पुखराज का आधार बीज उत्पादन कर, कृषकों हेतु बीज की उपलब्धता तथा उसके उत्पादकता में वृद्धि कर कृषकों के आय में वृद्धि करना है।

3. आलू के प्रभेद कुफरी पुखराज का प्रजनक बीज से आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र, अस्थावाँ, नालन्दा में सहायक निदेशक उद्यान, नालन्दा द्वारा कार्यान्वित कराई जायेगी।

4. योजना का कार्यान्वयन अनुसूची–01 के अनुसार रबी मौसम में कराया जायेगा।

5. योजना का कार्यान्वयन आलू के प्रजनक बीज से आधार बीज उत्पादन हेतु अनुमोदित बीज उत्पादन मॉडल के आलोक में किया जायेगा, जो अनुसूची–2 के रूप में संलग्न है।

6. रबी मौसम में आलू बीज की रोपणी के लिए माह अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवम्बर के द्वितीय सप्ताह तक की अवधि उपयुक्त है। आलू के प्रभेद कुफरी पुखराज का आधार बीज उत्पादन हेतु बीज दर 30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना द्वारा केन्द्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र, जालंधर, पंजाब से प्रजनक बीज की उपलब्धता करायी जायेगी। बिहार राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणन एजेंसी, पटना से बीज प्रमाणीकरण हेतु निबंधन कराया जायेगा। सहायक निदेशक उद्यान, नालन्दा द्वारा उत्पादित आधार बीज को पैकिंग कर टैग सहित स्थानीय शीतगृह में भण्डारित कर इसकी सूचना निदेशक उद्यान, बिहार एवं प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायी जायेगी।

7. बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना द्वारा अपने निबंधित उत्पादकों के माध्यम से आलू के आधार बीज से प्रमाणित बीज उत्पादन कराया जाएगा, जिसे आलू उत्पादक कृषकों को खेती हेतु आलू बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

8. बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना द्वारा No Profit No Loss के आधार पर प्राप्त राजस्व को कोषागार में जमा करने हेतु उद्यान निदेशालय, बिहार को राशि हस्तांतरित की जायेगी।

9. इस योजनान्तर्गत 770 मानव बल का सृजन होने की सम्भावना है।

10. योजना में स्वीकृत राशि की निकासी अनुसूची–1 के अनुसार निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा संबंधित कोषागार से BTC Form - 42 पर CFMS के माध्यम से निकासी किया जायेगा।

11. योजना कार्यान्वयन के क्रम में यथावश्यक संशोधन प्रशासी विभाग द्वारा वित्तीय सीमा के अधीन किया जा सकेगा।

12. योजना संबंधित बजट उपबंध कोटिवार 78.56 : 20.00 : 1.44 के अनुपात में होने के कारण योजना हेतु स्वीकृत राशि 78.56 : 20.00 : 1.44 के अनुपात में किया गया है।

13. योजना अन्तर्गत स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यान्वयन एजेंसी के द्वारा प्रशासी विभाग एवं महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना को स्वीकृत्यादेश निर्गत की तिथि से 18 माह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा। महालेखाकार (ले० एवं ह०) को अंकेक्षण का अधिकार होगा।

14. योजना के कार्यान्वयन में वित्त विभागीय पत्रांक 2561 दिनांक 17.04.1998 का अनुपालन निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

15. योजना का कार्यान्वयन तथा सभी आवश्यक कार्रवाई कर बीज उत्पादन करना सहायक निदेशक उद्यान, नालन्दा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

16. योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक उद्यान, बिहार होंगे।

17. वित्तीय वर्ष 2024–25 में बजट उपबंध का विवरण निम्न प्रकार है :–

(राशि लाख रू० में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष 2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119– बागवानी तथा वनस्पति फसलें, माँग संख्या–01, उप शीर्ष 0101– उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401001190101,विषय शीर्ष 0101–31–06 सहायक अनुदान–गैर वेतन। | 23568.00 | 17.32248 |
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष – 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, माँग संख्या–01, उप शीर्ष – 0130 उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007890130, विषय शीर्ष 0130–31–06 सहायक अनुदान–गैर वेतन। | 6000.00 | 4.41000 |
| मुख्य शीर्ष 2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष– 00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या–01, उपशीर्ष 0152 – उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007960152, विषय शीर्ष 0152–31–06 सहायक अनुदान–गैर वेतन। | 432.00 | 0.31752 |
| **कुल** | **30000.00** | **22.05000** |

18. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758/वि0 दिनांक–31.05.2017 में निहित प्रावधान के आलोक में योजना के कार्यान्वयन प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन संचिका संख्या NHM/BHDS/287/2024 के पृ0सं0–07/टि. पर दिनांक–27.09.2024 को प्राप्त है।

19. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि0 (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है।

20. स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या NHM/BHDS/287/2024 के पृ0सं0–09/टि. पर दिनांक–30.09.2024 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–662 दिनांक–30.09.2024 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(मनोज कुमार)
संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/287/2024- प्रो०पी०एम०-129- /पटना दिनांक: 01/10/ 2024

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/287/2024- प्रो०पी०एम०-129- /पटना दिनांक: 01/10/ 2024

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/287/2024- प्रो०पी०एम०-129- /पटना दिनांक: 01/10/ 2024

प्रतिलिपि : प्रमण्डलीय आयुक्त, पटना/जिला पदाधिकारी, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/287/2024- प्रो०पी०एम०-129- /पटना दिनांक: 01/10/ 2024

प्रतिलिपि : सचिवालय कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना एवं जिला कोषागार पदाधिकारी, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/287/2024- प्रो०पी०एम०-129- /पटना दिनांक: 01/10/ 2024

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त के आप्त सचिव, बिहार, पटना/सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/अपर कृषि निदेशक, प्रसार, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य)/संबंधित उप निदेशक (शष्य)/संबंधित उप निदेशक उद्यान/संबंधित, जिला कृषि पदाधिकारी,/संबंधित सहायक निदेशक उद्यान/संबंधित अनुमंडल कृषि पदाधिकारी/संबंधित उप निदेशक (शष्य) प्रक्षेत्र/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जैविक प्रोत्साहन कोषांग/बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/287/2024- प्र०वि०एम०-129- /पटना दिनांक: 01/10/ 2024

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई-मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

1.10.24

संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

## अनुसूची–01

### चतुर्थ कृषि रोड मैप (DPR Based) अन्तर्गत आलू प्रभेद कुफरी पुखराज का प्रजनक बीज से आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2024–25)

(भौतिक लक्ष्य हेक्टेयर में एवं वित्तीय लक्ष्य लाख रूपये में)

| क्र० सं० | जिला / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य | | श्रेणीवार वित्तीय लक्ष्य | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य (हे० में) | वित्तीय लक्ष्य @3.15 लाख रू० प्रति हेक्टेयर | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक निदेशक उद्यान, नालन्दा | 7 | 22.05000 | 17.32248 | 4.41000 | 0.31752 |
| | **कुल योग** | **7** | **22.05000** | **17.32248** | **4.41000** | **0.31752** |

निदेशक उद्यान, बिहार।

अनुसूची – 2

## आलू का प्रजनक बीज से आधार बीज उत्पादन का अनुमानित आर्थिक विश्लेषण (प्रति हेक्टेयर)

| क्र.सं. | विवरण | मात्रा | दर (रूपये में) | राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेत की तैयारी एवं रेखांकन | | | |
| (i) | ट्रैक्टर द्वारा जुताई | 8 घंटा | 500 / घंटा | 4,000.00 |
| (ii) | रेखांकन हेतु कार्यबल | 10 कार्यबल | 410 / कार्यबल | 4,100.00 |
| 2 | बीज की बोवाई / रोपाई | | | |
| (i) | आलू का प्रजनक बीज (कुफरी पोखराज) | 30 क्विंटल | 3800 / क्विंटल | 1,14,000.00 |
| (ii) | प्रजनक बीज का भण्डारण शुल्क | 30 क्विंटल | 480 / क्विंटल | 14,400.00 |
| (iii) | प्रजनक बीज का परिवहन किराया | 30 क्विंटल | 500 / क्विंटल | 15,000.00 |
| (iv) | प्रजनक बीज का लोडिंग एवं अनलोडिंग चार्ज | 60 पैकेट | 20 / पैकेट | 1,200.00 |
| (v) | आधार बीज उत्पादन प्रमाणीकरण | 1 हेक्टेयर | 400 / हेक्टेयर | 400.00 |
| (vi) | बीजोपचार (फफूँदनाशी) | | | 1,500.00 |
| (vii) | बोवाई / रोपाई | 20 कार्यबल | 410 / कार्यबल | 8,200.00 |
| 3 | खाद एवं उर्वरक | | | |
| (i) | गोबर की सड़ी खाद | 25 टन | 600 / टन | 15,000.00 |
| (ii) | यूरिया | 250 किलोग्राम | 5.92 / किलोग्राम | 1,480.00 |
| (iii) | सिंगल सुपर फॉस्फेट | 500 किलोग्राम | 11.40 / किलोग्राम | 5,700.00 |
| (iv) | म्यूरेट ऑफ पोटाश | 167 किलोग्राम | 32.5 / किलोग्राम | 5,427.50 |
| (v) | खाद एवं उर्वरक के व्यवहार | 10 कार्यबल | 410 / कार्यबल | 4,100.00 |
| 4 | सिंचाई | 4 सिंचाई | 1000 / सिंचाई | 4,000.00 |
| 5 | निकाई, गुड़ाई, मिट्टी चढ़ाई तथा दवा छिड़काव | 40 कार्यबल | 410 / कार्यबल | 16,400.00 |
| 6 | खर–पतवार नियंत्रण | | | 3,000.00 |
| 7 | पौधा संरक्षण | | | 3,000.00 |
| 8 | फसल की खुदाई, ढुलाई एवं बाजार व्यवस्था | 30 कार्यबल | 410 / कार्यबल | 12,300.00 |
| 9 | लेनो बैग | 360 बैग | 20 / बैग | 7,200.00 |
| 10 | आधार बीज टैग | 360 टैग | 4 / टैग | 1,440.00 |
| 11 | उत्पादित आधार बीज का परिवहन किराया | 180 क्विंटल | 40 / क्विंटल | 7,200.00 |
| 12 | आधार बीज का लोडिंग एवं अनलोडिंग चार्ज | 180 क्विंटल (360 पैकेट) | 20 / पैकेट | 7,200.00 |
| 13 | शीतगृह में भण्डारण | 180 क्विंटल (360 पैकेट) | 300 / क्विंटल | 54,000.00 |
| 14 | विविध खर्च | | | 4,752.50 |
| | **कुल व्यय** | | | **3,15,000.00** |
| | **कुल ऊपज (क्विंटल में)** | | | **180.00** |
| | **कुल आय (बिक्री दर @ 1750 रू. / क्विंटल)** | | | **3,15,000.00** |
| | **शुद्ध आय** | | | **-** |

निदेशक उद्यान, बिहार।